SAMAGRA SHIKSHA, KERALA

1009

FIRST TERMINAL EVALUATION - 2018-19

Third Language

HINDI

STD. X

Time : 90 minutes
Score : 40

सामान्य निर्देश :

- 15 मिनट का कूल ऑफ़ टाईम दिया जाएगा।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें।
- वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

"एक पेन स्याही भर दो।" साहिल से पहले ही बेला ने दुकानवाले से कहा। "बेटा स्याही की बोतल अभी अभी खाली हो गई है। अब तो कल ही मिल पाएगी।" "लेकिन इसने पैन में जो स्याही बची थी उसे भई ज़मीन पर छिड़क दिया" बेला बोली। "बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए" दुकानवाले भैया ने कहा।

1. सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 1

(क) बेला की कलम में स्याही नहीं।
(ख) भैया की कलम में स्याही नहीं।
(ग) मास्टरजी की कलम में स्याही नहीं।
(घ) साहिल की कलम में स्याही नहीं।

2. 'बादल को देखकर घड़े को नहीं ढुलाना चाहिए' -इसका मतलब क्या है? 2

3. कहानी के इस अंश के आधार पर पटकथा का एक दृश्य लिखें। 4

सूचना : 'टूटा पहिया' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, प्रश्न 4 और 5 के उत्तर लिखें।

इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे पहियों का आश्रय ले!

4. यह आशयवाली पंक्ति कवितांश से चुनकर लिखें। 1

सत्य का पक्ष टूटे हुए पहियों का सहारा ले सकता है।

5. उपर्युक्त पंक्तियों का विश्लेषण करके आशय लिखें। 4

सूचना : 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता की पंक्तियाँ पढ़ें, 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

मैंने हाथ बढ़ाया
मेरा हाथ पकड़कर वह खड़ा हुआ
मुझे वह नहीं जानता था
मेरे हाथ बढ़ाने को जानता था
हम दोनों साथ चले

6. 'हम दोनों साथ चले' -कौन-कौन साथ चले? 1

(क) कवि और नरेश सक्सेना

(ख) कवि और हताश व्यक्ति

(ग) नरेश सक्सेना और हताश व्यक्ति

(घ) हताश व्यक्ति और बेटा

7. 'अपरिचित होने पर भी कवि ने हताश व्यक्ति की सहायता की' -इससे क्या संदेश मिलता है? 2

8. कविता की प्रासंगिकता पर टिप्पणी लिखें। 4

सूचना : 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' का यह अंश पढ़ें और 9 से 12 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

इस दोस्त को सजाने का चलन राजस्थान के लोगों में सदियों से है। सुंदर-सुंदर झालर, गहने वगैरह उनपर कितने फबते हैं।

9. यहाँ सूचित दोस्त कौन है? 1

(क) फेलू (ख) ऊँट

(ग) तोप्से (घ) जटायु

10. राजस्थान के लोग ऊँटों के साथ प्यार भरा संबंध रखते हैं- क्यों? 2

11. पुल्लिंग शब्द '**चलन**' के स्थान पर स्त्रीलिंग शब्द '**रीति**' का प्रयोग करके वाक्य बदलकर लिखें।

1

सजाने का **चलन** सदियों से है।

12. खूब सजाए गए ऊँटों पर सवार करना लालमोहन के लिए विशेष अनुभव था। इस अनुभव का ज़िक्र करते हुए उसने मित्र के नाम पत्र लिखा। लालमोहन का संभावित पत्र लिखें। 4

अथवा

मान लें, आपके स्कूल में सितंबर 14 को हिंदी समिति के नेतृत्व में सत्यजीत राय की फिल्मों का प्रदर्शन होनेवाला है। फिल्मोत्सव के लिए एक पोस्टर तैयार करें।

सूचना : 'बीरबहूटी' कहानी का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 13 और 14 के उत्तर लिखें।

> बेला का मन बहुत खराब हो गया, माटसाब चाहे मुझे पीट लेते मगर साहिल के सामने नहीं। वह साहिल के सामने खुद को शर्मिंदा महसूस करने लगी थी।

13. नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखें। 1

साहिल रोया।	**साहिल को रोना पड़ा।**
बेला रोई।	..........................।

14. शर्म के कारण बेला साहिल से नज़र नहीं मिला पाई। मान लें, वह अपने विचारों को डायरी मे लिखती है। बेला की संभावित डायरी लिखें। (लगभग 80 शब्द) 4

अथवा

बहुत दुखी होकर बेला घर पहुँची। स्कूल की बातें वह माँ से बाँटती है। माँ और बेला के बीच की इस बातचीत को आगे बढ़ाएँ। (पाँच विनिमय)

माँ : क्या हुआ बेटी, बहुत परेशान दिखती हो?

बेला : क्या कहूँ माँ!...

....

सूचना : 'ऊँट बनाम रेलगाड़ी' का यह अंश पढ़ें, प्रश्न 15 और 16 के उत्तर लिखें।

> फेलू की टोली ऊँट पर सवार होकर दौड़ते-दौड़ते आ रही है और वहाँ से गुज़रनेवाली रेलगाड़ी को रुकवाने की कोशिश करती है।

15. वाक्य पिरामिड की पूर्ति करें। 2



16. सही विकल्प चुनकर वाक्य की पूर्ति करें। 1

फेलू की टोली ....।

(क) आएगा (ख) आएँगे

(ग) आएगी (घ) आएँगी

सूचना : यह कहानी पढ़ें, प्रश्न 17 और 18 के उत्तर लिखें।

अमन का जन्मदिन था। स्कूल जाते समय माँ ने उसे मिठाई खरीदने के लिए रुपए दिए। अपने मित्रों को मिठाई खिलाने की बात सोचकर वह खुश था। स्कूल पहुँचते ही घंटी बजी। क्लास टीचर आई। टीचर ने कक्षाई पुस्तकालय के संबंध में बताया। अमन ने मिठाई खरीदने के बदले रुपए पुस्तकालय के लिए दान दिए। अध्यापिका और मित्रों ने उसका अभिनंदन किया। सभी मित्रों ने अमन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया।

17. इस कहानी को उचित शीर्षक दें। 1

18. कहानी के आधार पर सही मिलान करें। 4

अमन ने अपने रुपए	कि वे भी अमन का मार्ग अपनाएँगे।
माँ ने अमन को	पुस्तकालय के लिए दान दिए।
अध्यापिका और विद्यार्थियों ने	मिठाई के लिए रुपए दिए।
मित्रों ने निर्णय लिया	अमन का अभिनंदन किया।